# 15 हेक्टेयर जमीन पर काल भैरव मंदिर का काया कल्प : सिंहस्थ से पहले बदलेगा स्वरूप

- मंदिर तक बनेगा फोरलेन मार्ग
- 200 करोड़ की योजना पर मंथन

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. सिंहस्थ से पहले उज्जैन में अब राजाधिराज महाकाल के सेनापति बाबा कालभैरव के दरबार का भी भव्य कायाकल्प होने जा रहा है. जिला प्रशासन ने मंदिर क्षेत्र के विस्तार और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर बड़ी तैयारी शुरू कर दी है. करीब 200 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी परियोजना पर मंथन चल रहा है.**

भैरवगढ़ क्षेत्र में स्थित यह प्राचीन मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक है. चुनाव में सफलता, बड़े पद की प्राप्ति, व्यापार में उन्नति और घर में सुख-शांति की कामना लेकर देशभर से भक्त यहां पहुंचते हैं. बाबा कालभैरव को मदिरा का भोग लगाने की अनूठी परंपरा विश्वभर में प्रसिद्ध है. यही कारण है कि प्रतिदिन यहां हजारों श्रद्धालु आते हैं और पर्व-त्योहारों में यह संख्या लाखों तक पहुंच जाती है.

**काल भैरव लोक की छटा-** अब जब सिंहस्थ 2028 में करीब 50 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन आने का अनुमान है, तब प्रशासन ने कालभैरव क्षेत्र को भी महाकाल लोक की तर्ज पर विकसित करने की तैयारी तेज कर दी है. मंदिर परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग, विशाल सुविधा केंद्र, हरित उद्यान, फाउंटेन, आकर्षक मूर्तियां, प्रतीक्षा क्षेत्र और श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था विकसित की जाएगी. भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए जनरल, वीआईपी और विशेष प्रवेश के लिए अलग-अलग द्वार बनाए जाएंगे.





**15 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण-** कालभैरव मंदिर तक पहुंचने वाला वर्तमान संकरा मार्ग अब फोरलेन बनाने की तैयारी में है. पूरे मंदिर का नवनिर्माण करने के मद्देनजर करीब 15 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता बताई जा रही है. कुछ सरकारी जमीन खाली पड़ी है, जिसे परियोजना में शामिल किया जाएगा, वहीं कई निजी जमीनें भी अधिग्रहण की जद में आ रही हैं. बताया जा रहा है कि प्रभावशाली और रसूखदार लोगों की जमीनें भी इस दायरे में हैं, जिसके चलते क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है. प्रशासनिक स्तर पर लगातार मंथन और दबाव की स्थिति बनी हुई है.

## प्राधिकरण है निर्माण एजेंसी

उज्जैन विकास प्राधिकरण निर्माण एजेंसी के रूप में कार्य करेगा, जबकि जिला प्रशासन निजी और सरकारी जमीन के समन्वय पर काम कर रहा है. नई अप्रोच रोड और पार्किंग व्यवस्था से श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी तथा सिंहस्थ के दौरान यातायात व्यवस्था अधिक सुगम हो सकेगी.

**अतिक्रमण हटेगा-** मंदिर परिसर के आसपास फैले अवैध ठेले और अस्थायी दुकानों को हटाने की भी तैयारी है. दर्शनार्थियों के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी. धर्मशालाओं का रंगरोगन होगा और पूरे परिसर को स्वच्छ व सौंदर्ययुक्त बनाया जाएगा. कालभैरव मंदिर के पीछे बने पार्क को कलात्मक रूप देने की योजना है. सूखे पेड़ों को काटने के बजाय उन पर पेंटिंग कर आकर्षक कलाकृतियों में बदला जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता के साथ सौंदर्य का भी अनुभव हो सके.

**500 रुपए का विशेष शुल्क-** विशेष बात यह भी है कि मंदिर में श्रद्धालुओं से लिए जा रहे 500 रुपये शुल्क से अब तक लगभग 15 लाख रुपये की राशि एकत्र हो चुकी है. माना जा रहा है कि बाबा कालभैरव का यह भव्य धाम केवल सरकारी धन से नहीं, बल्कि भक्तों की आस्था और मंदिर की अपनी आय से भी आकार लेगा.



# आज से तेज होंगी प्री मानसून गतिविधियां

## नौतपा में नहीं थम रही तपिश

### 16 शहरों में पारा 44 पार

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश में नौतपा की शुरुआत भले ही आंधी, बूंदाबांदी और बादलों के साथ हुई हो, लेकिन गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है. प्रदेश के 16 शहरों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है.**

छतरपुर का खजुराहो सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री दर्ज किया गया. मौसम विभाग ने 28 मई से अगले तीन दिनों तक कई जिलों में प्री-मानसून गतिविधियां तेज होने और तेज आंधी, गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना जताई है.

नौगांव में तापमान 45.6 डिग्री, दतिया में 45.2 डिग्री और दमोह, सतना व टीकमगढ़ में 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया. रीवा में 44.8 डिग्री और राजगढ़ में 44.6 डिग्री तापमान ने लोगों को बेहाल कर दिया. ग्वालियर, श्योपुर, गुना, नरसिंहपुर, सागर, मंडला, मुरैना और रायसेन सहित कई जिलों में भी भीषण गर्मी का असर बना रहा. बड़े शहरों में ग्वालियर सबसे गर्म रहा, जहां पारा 44.1 डिग्री तक पहुंचा. भोपाल में 43.2 डिग्री, जबलपुर में 43.9 डिग्री, उज्जैन में 42 डिग्री और इंदौर में 40.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया. प्रदेश के कई जिलों में लू और तीव्र लू का अलर्ट जारी किया गया है. निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में रेड अलर्ट घोषित किया गया है.

> मौसम विभाग के अनुसार नौतपा के दौरान मौसम में बदलाव कोई नई बात नहीं है. पिछले 14 वर्षों में 7 बार इस दौरान बारिश दर्ज की जा चुकी है. हालांकि, इस बार शुरुआती दिनों में हल्की राहत मिलने के बावजूद उमस और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है. वर्ष 2018 और 2019 की तरह इस बार भी नौतपा में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ने के संकेत मिल रहे हैं.

# घाट पर बेकाबू पिकअप खाई में गिरी, तीन मजदूरों की मौत

- नीमच के तिलस्वा घाट पर 2 दिन में हुए दो हादसे

**नीमच. जिले के सिंगोली क्षेत्र के तिलस्वा घाट पर देर रात एक पिकअप गहरी खाई में गिई. हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए. पिछले दो दिनों में इसी घाट पर यह दूसरा बड़ा हादसा है. रविवार को यहां एक बस पलट गई थी.**

जानकारी के मुताबिक राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहा पिकअप वाहन आरजे 14 जीएन 6549 तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर बेकाबू हो गया. वाहन में पेंट की बाल्टियां भरी थीं, जिनके ऊपर मजदूर बैठे हुए थे. संतुलन बिगड़ने से वाहन सीधे खाई में जा गिरा. एक्सीडेंट में तीन मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य घायल हो गए. बाल्टियां फूट जाने से उनमें भरा कलर शवों पर भी फैल गया. हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है. मृतकों की पहचान उदयलाल पिता डोरीलाल निवासी बरेली (उत्तरप्रदेश), रामअवध सिंह निवासी गाजीपुर (उत्तरप्रदेश) और पिंटू कुमार निवासी गाजीपुर (उत्तरप्रदेश) के रूप में हुई है.






> **यूपी और राजस्थान के रहने वाले थे मजदूर-** हादसे का शिकार हुए मजदूर बरेली (उत्तर प्रदेश), गाजीपुर और राजस्थान के जयपुर के रहने वाले थे. वे आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए जा रहे थे। घायलों की पहचान मोहम्मद जाकिर (40), इदरीस और सोमपाल के रूप में हुई है.

> **प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा-** सूचना पर सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. राहगीरों की मदद से शवों को खाई से निकालकर सिंगोली अस्पताल की मॉचुरी में रखवाया गया.

> **पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने किया घाट का निरीक्षण**
>
> हादसे के बाद कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर बुधवार को पीडब्ल्यूडी नीमच के कार्यपालन यंत्री अमित नर्गिस सिंगोली के तिलस्वां घाट पहुंचे और घाट का ऊपर से नीचे तक निरीक्षण किया. नर्गिस ने बताया कि घाट क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं.
>
> **रविवार को भी इसी जगह पर पलटी थी बस-** तिलस्वा घाट पर रविवार को शिव शक्ति ट्रेवल्स की बस पलटने से 30 यात्री घायल हुए थे. लगातार हादसों के बाद स्थानीय नागरिकों ने घाट पर क्रेश बैरियर, चेतावनी बोर्ड और गति सीमा तय करने की मांग की है.

# नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पकार थे : दिग्विजय

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को आधुनिक भारत का शिल्पकार बताते हुए कहा कि उन्होंने एक समावेशी, धर्मनिरपेक्ष और वैज्ञानिक सोच वाले राष्ट्र की नींव रखी. वे प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे.**

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एवं पूर्व राज्यसभा टीवी कार्यकारी निदेशक राजेश बादल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे. इस दौरान उनकी डॉक्यूमेंट्री 'युग पुरुष नेहरू' का प्रदर्शन भी किया गया. राजेश बादल ने कहा कि विभाजन और हिंसा से जूझ रहे भारत को नेहरू ने शांति, सद्भाव और विकास की दिशा में आगे बढ़ाया. उन्होंने कहा कि नेहरू ने वैज्ञानिक और औद्योगिक विकास के जरिए आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी.




> दिग्विजय सिंह ने कहा कि जिस प्रकार कोई शिल्पकार मूर्ति गढ़ता है, उसी प्रकार नेहरू ने आधुनिक भारत का निर्माण किया. उन्होंने कहा कि नेहरू का सपना ऐसा भारत बनाने का था, जहां बच्चे तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें. उन्होंने उच्च शिक्षा, वैज्ञानिक सोच और औद्योगिक विकास को देश की प्रगति का आधार बताया. वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों पर निशाना साधते हुए दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि समाज में अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा शासन व्यवस्था 'अंग्रेजों के दौर जैसी दमनकारी' होती जा रही है. उन्होंने कहा कि असहमति की आवाजों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है.

> **दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र**
>
> भोपाल. दिग्विजय सिंह ने नर्मदापुरम के किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है. यह मांग नर्मदापुरम जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पुष्पराज सिंह द्वारा भेजे गए पत्र के बाद उठाई गई, जिसमें गेहूं खरीदी, खाद की उपलब्धता और मूंग खरीदी से जुड़ी किसानों की गंभीर समस्याओं का उल्लेख किया गया है. दिग्विजय ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग बंद होने से किसान अपनी उपज बेचने से वंचित हो रहे हैं.

# हनीट्रैप में बड़ा खुलासा : डेयरी दुकान से मिला ब्लैकमेलिंग का खजाना

- एडिटेड फोटो से करोड़ों की उगाही, गैंग का हर सदस्य निभा रहा था तय रोल
- श्वेता जैन समेत 7 आरोपी जेल में, फोरेंसिक जांच से खुलेंगे कई रसूखदारों के नाम

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हाई-प्रोफाइल हनीट्रैप पार्ट-2 मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ा ब्रेक मिला है. भोपाल की एक डेयरी दुकान से ब्लैकमेलिंग के पुख्ता सबूत मिलने के बाद गैंग की पूरी साजिश, तरीका और नेटवर्क सामने आ गया है. एडिटेड फोटो और सीक्रेट दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की उगाही का खेल चल रहा था.**

क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि मास्टरमाइंड श्वेता जैन ने भोपाल स्थित अपनी डेयरी दुकान को ही ब्लैकमेलिंग का सेफ ठिकाना बना रखा था. टीम ने दबिश देकर यहां से कारोबारी हितेंद्रसिंह उर्फ चिंटू ठाकुर से जुड़े कई एडिटेड फोटो, डिजिटल सामग्री और एक अहम एग्रीमेंट (अनुबंध) बरामद किया है. जांच में खुलासा हुआ है कि गैंग पहले टारगेट को फंसाता था, फिर उसकी फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक बनाया जाता था. इसके बाद उन्हें वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम वसूली जाती थी. इसी पैटर्न पर कारोबारी से करीब एक करोड़ रुपए की डिमांड की गई थी. पुलिस के मुताबिक यह पूरा गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम करता था. हर सदस्य की भूमिका पहले से तय रहती थी. कोई टारगेट से संपर्क करता था, कोई दोस्ती और बिजनेस रिलेशन बनाता था, तो बाकी सदस्य फोटो एडिट करने और ब्लैकमेलिंग की जिम्मेदारी संभालते थे. इस केस में अब तक श्वेता जैन, अलका दीक्षित, रेशू चौधरी, लाखन चौधरी, जितेंद्र पुरोहित, जयदीप दीक्षित और विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. मामले में अब जांच का फोकस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों पर है. आरोपियों के मोबाइल और डिजिटल डिवाइस पहले ही फोरेंसिक साइंस लैब भेजे जा चुके हैं. यहां से डिलीट डेटा, सीक्रेट चैट, ऑडियो वीडियो और फोटो रिकवर किए जा रहे हैं. पुलिस को अंदेशा है कि फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद इस नेटवर्क से जुड़े कई बड़े और रसूखदार चेहरों के नाम सामने आ सकते हैं. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन किन लोगों को इस गैंग ने अपना शिकार बनाया.

### कई नए नाम सामने आने की संभावना

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि भोपाल से मिले सबूत इस केस में अहम कड़ी साबित होंगे. डिजिटल सामग्री की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है. जांच में कई नए नाम और तथ्य सामने आने की संभावना है.

# मादक पदार्थ तस्करों पर पुलिस का शिकंजा

### 80 लाख मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश पुलिस ने प्रदेशभर में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में कार्रवाई करते हुए 80 लाख रुपए से अधिक मूल्य के अवैध नशीले पदार्थ एवं संपत्ति जब्त की है.**

पुलिस ने कहा कि युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा. सबसे बड़ी कार्रवाई मंदसौर जिले में सामने आई, जहां नारायणगढ़ थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय डोडाचूरा तस्करी गिरोह पर कार्रवाई करते हुए 252 किलो डोडाचूरा, एक देशी पिस्टल, कार और मोबाइल फोन जब्त किए. पुलिस के अनुसार आरोपी भागने के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर फरार होने का प्रयास कर रहे थे. जब्त संपत्ति की अनुमानित कीमत 20.51 लाख रुपए बताई गई है.



गुना जिले के मृगवास थाना पुलिस ने राजस्थान से अफीम की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक अफीम और मोटरसाइकिल बरामद की. वहीं अलग कार्रवाई में चार गांजा तस्करों को 10 किलो से अधिक गांजा के साथ पकड़ा गया.

> भोपाल क्राइम ब्रांच ने ट्रेन के जरिए घरेलू सामान की आड़ में 36 किलो गांजा लाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच महिलाओं सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया. इसके अलावा शिवपुरी, राजगढ़, सीधी, रीवा, शहडोल, दमोह, मैहर, नरसिंहपुर और अनूपपुर जिलों में भी स्मैक, गांजा और प्रतिबंधित कफ सिरप की बड़ी खेप जब्त की गई. पुलिस ने आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या डायल-112 पर देने की अपील की है.



# मंत्री राकेश ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर सुनी समस्याएं

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री राकेश शुक्ला ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेशभर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं.**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शुक्ला ने विभिन्न जिलों से पहुंचे कार्यकर्ताओं से चर्चा कर जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए. जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं हो सका, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया. मंत्री राकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं की कठिनाइयों को समझते हुए जल्द समाधान का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार जनहित के मुद्दों के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है.

कार्यक्रम | वरिष्ठ नेताओं ने भाग लेकर संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया

# कांग्रेस के नए कार्यालय का शिलान्यास



विशेष संवाददाता

**रीवा, 27 मई. विंध्य क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से बुधवार को रीवा जिला कांग्रेस कमेटी के नए कार्यालय का विधि-विधान के साथ शिलान्यास किया गया.**

कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया और संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया. पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही. नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी राजनीतिक चुनौतियों के मद्देनजर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया.

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं विधायक अजय सिंह 'राहुल भैया', कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल, एआईसीसी सह सचिव रणविजय लोचव, रीवा महापौर अजय मिश्रा 'बाबा', पूर्व सांसद राजमणि पटेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) राजेंद्र शर्मा तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष (शहर) अशोक पटेल उपस्थित रहे.

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### आरोपी समर्थ को लेकर घर पहुंची सीबीआई

कोर्ट में दोनों पक्षों के अधिवक्तओं के बीच तीखी बहस भी हुई. कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीबीआई को कोर्ट ने इस मामले में पक्षकार बनाया है. हाईकोर्ट में ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा पैरवी कर रहे हैं. नवनिधि शर्मा ने ही मामले में अग्रिम जमानत पर आपत्ति दर्ज कराई थी. नवनिधि शर्मा ने बेटी ट्विशा की मौत का आरोप ससुराल पक्ष पर लगाया है. ट्विशा शर्मा की 12 मई को संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई थी. पूर्व जज गिरिबाला सिंह और उनके बेटे समर्थ ने इस आत्महत्या बताया. इस पूरे मामले में भोपाल पुलिस पहले दिन से ही सक्रिय होकर जांच में जुटी. सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है. सीबीआई की टीम मामले में कार्रवाई कर रही है.

### टीएमसी नेता के ठिकाने से चार बैग और एक बोरा नोट बरामद

फिलहाल पुलिस नकदी की गिनती और जांच में जुटी है. इससे पहले भी पुलिस ने दीपांकर के ठिकानों पर छापेमारी कर करीब 80 लाख रुपये नकद और 4000 सरकारी तिरपाल जब्त किए थे. आरोप है कि ये तिरपाल प्राकृतिक आपदा प्रभावित लोगों के लिए भेजे गए थे. वहीं दुर्गापुर-फरीदपुर क्षेत्र में भी पुलिस ने टीएमसी के मजदूर यूनियन नेता शेख वसुल को गिरफ्तार किया है. उस पर बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली और चुनाव के दौरान दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप हैं. लगातार हो रही इन कार्रवाइयों से राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है.

### असम बना यूसीसी लागू करने वाला तीसरा राज्य

उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए एनडीए के सभी विधायकों का आभार भी जताया. असम अब उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य बन गया है. सरकार का कहना है कि यह कानून समाज में समानता, महिलाओं को न्याय और परिवार व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम ऐसे सुधारों के साथ आगे बढ़ता रहेगा जो समाज को मजबूत करें, महिलाओं को न्याय दिलाएं और विभिन्न समुदायों के बीच आपसी एकता को बढ़ावा दें. उन्होंने कहा कि यूसीसी लागू कर राज्य ने संविधान निर्माताओं की उस भावना को आगे बढ़ाया है, जिसमें सभी नागरिकों के लिए समान कानून की परिकल्पना की गई थी। विधानसभा में यह विधेयक सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा द्वारा पेश किया गया था.

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60